# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

( NAAC द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त संस्थान )

Email address principalgckota@gmail.com


## रिपोर्ट / प्रतिवेदन
## ‘विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम(ओरियंटेशन )

आज दिनांक 20 सितंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय कोटा में महाविद्यालय के विविध विभागों तथा प्रकोष्ठों की गतिविधियों, योजनाओं, कार्य प्रणालियों तथा नई शिक्षा नीति–2020 के




तहत शिक्षण व्यवस्था तथा पाठ्यक्रमों में आये परिवर्तनों से अवगत कराने के उद्देश्य से सत्र 2023–24 का पहला **‘विद्यार्थी उन्मुखीकरण (ओरियंटेशन)** कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय परिवार द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में **प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार** ने उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि **नई शिक्षा नीति लागू हो जाने के कारण**



**पाठ्यक्रमों, अंक प्रणाली तथा परीक्षा प्रणाली में कई परिवर्तन आ गये हैं। अब परीक्षा वार्षिक नहीं सेमेस्टर सिस्टम एवं क्रेडिट आधारित होगी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन, स्किल आधारित कोर्स, मूल्य प्रवाह कोर्स, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट** से अवगत कराया तथा कहा कि अब प्रत्येक छात्र को abc.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना होगा। उन्होंने कहा कि हमें बेहतर शिक्षा प्राप्त करके समाज को कुछ देना है तथा कहा कि आपको रोजगार लेने वाले नहीं देने वाले बनना

चाहिए। महाविद्यालय की सह शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में **नेतृत्व क्षमता** का विकास करती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि क्या बनना है से ज्यादा क्या करना है, पर जोर देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने जोर देकर कहा कि विद्यार्थियों को अब नियमित रूप से अध्ययन हेतु आना चाहिए जिससे उनका शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास हो सके तथा महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो।




इसके बाद पी.जी. विषयों के सभी विभागाध्यक्षों– डॉ. हेमलता गुप्ता (वनस्पति शास्त्र),डॉ. रमेशचन्द(भौतिक शास्त्र), डॉ. बी.बी.जैमीनी (गणित विभाग), डॉ. मोनिका दक्षिणी (रसायन शास्त्र), डॉ.वीणा चौरासिया (प्राणी शास्त्र) ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अपने–अपने विषयों के सृजित नये पाठ्यक्रमों, सेमेस्टर सिस्टम तथा पाठ्यक्रमों की संरचना, प्रायोगिक कक्षाओं, क्रेडिट आधारित अंक प्रणाली तथा पाठ्यक्रमों के आउटकम्स की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रोजगार एवं उच्च शिक्षा संस्थानों प्रवेश संबंधित जानकारी दी। **नवाचार प्रकोष्ठ एवं इंक्यूबेशन सेल प्रभारी डॉ. एच.एस. गोस्वामी** ने बताया कि विद्यार्थी रूचि के अनुसार राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एवं मान्यता प्राप्त स्कील डवलपमेंट के कोर्स कर सकते हैं साथ ही इन्क्यूबेशन सेल के माध्यम से वे अपने नये स्टार्टअप प्रोग्राम भी आरंभ कर सकते है। उन्होंने कहा कि इन्क्यूबेशन से युवाओं को अपने बेहतर आइडिया को व्यवसाय में बदलना का बेहतर अवसर प्रदान करता है। उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है। नवाचार प्रकोष्ठ के माध्यम से विशेषज्ञ विद्वानों, उद्यामियों व रोजगार के क्षेत्र में अधिक जानकारी रखने वाले वक्ताओं से मोटीवेशनल व्याख्यान कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया जाता है। **प्लेसमेंट सेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं महिला**

**प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.सुमन शर्मा** ने बताया कि महाविद्यालय में समय समय पर केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है जिसमें कई विद्यार्थियों का चयन हो चुका है। इस प्लेसमेंट शिविरों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के विविध क्षेत्रों की जानकारी भी दी जाती है, विगत सत्रों में लगे कम्पस प्लेसमेंट शिविरों में देश की अच्छी कम्पनियां महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थयों को न केवल सार्ट लिस्ट किया है अपितु बाद में उनका बेहतर पेकेज पर चयन भी हुआ है।







**महिला प्रकोष्ठ** आयुक्तालय द्वारा निर्धारित कलेण्डर के अनुसार छात्रा केन्द्रित कार्यक्रमों यथा– व्यक्तित्व विकास, सतर्कता, जागरूकता, ज्ञानवर्धन, महिला सश्क्तिकरण, अधिकार और कर्तव्य, ाक्षिा और स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना आदि प्रासंगिक विषयों पर आयोजन करवाता है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को माध्यम से युवाओं की विविध क्षेत्रों प्रतिभा को मंच देने के बहाने कई कार्यक्रम आयोजित करता है। विद्यार्थियों को सत्र सर्यंत आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों में नियमित भाग लेना चाहिए। उडान योजना से छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.अजरा अख्तर  और डॉ.नीरजा श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद डॉ.अजरा अख्तर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**प्रेस कवरेज**

**चम्बल संदेश कोटा 21/9/2023**

राजावत के मंच से बार-बार यह आग्रह किया गया कि धामी कार्यकर्ताओं ... रथ में सवार नेता धामी को नीचे नहीं उतरने की ...

इस परिवर्तन यात्रा को संचालित कर रहे हैं, उनको जनता की और कार्यकर्ताओं की इस तरह से अवहेलना नहीं करनी चाहिए थी। कार्यकर्ताओं के आह्वान पर

## राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थी उन्मुखीकरण

**संदेश न्यूज। कोटा.** राजकीय महाविद्यालय कोटा में महाविद्यालय के विविध विभागों तथा प्रकोष्ठों की गतिविधियों, योजनाओं, कार्य प्रणालियों तथा नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षण व्यवस्था तथा पाठ्यक्रमों में आए परिवर्तनों से अवगत कराने के उद्देश्य से सत्र 2023-24 का पहला विद्यार्थी उन्मुखीकरण (ओरियंटेशन) कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय परिवार द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो.अरूण कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति लागू हो जाने के कारण पाठ्यक्रमों, अंक प्रणाली तथा परीक्षा प्रणाली में कई परिवर्तन आ गए हैं, अब परीक्षा वार्षिक नहीं सेमेस्टर सिस्टम एवं क्रेडिट आधारित होगी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन, स्किल आधारित कोर्स, मूल्य प्रवाह कोर्स, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से अवगत कराया तथा कहा कि अब प्रत्येक छात्र को रजिस्टर्ड करवाना होगा।

उन्होंने कहा कि हमें बेहतर शिक्षा प्राप्त करके समाज को कुछ देना है तथा कहा कि आपको रोजगार लेने वाले नहीं देने वाले बनना चाहिए। महाविद्यालय की सह शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करती है।

**बस्ती में पहुंचकर नव म**

---

**दैनिक भास्कर कोटा 21-09-2023**

पाठ्यक्रम व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी ट्रेड की छात्राओं ने बुधवार को प्रभारी प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में कोटा सुपर थर्मल पावर प्लांट की विजिट की। थर्मल प्लांट के अधीक्षण अभियंता जीआर मीणा, सहायक जानकारी दी। प्रधानाचार्य मधु मीणा ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं ने कोटा सुपर थर्मल पावर प्लांट को पूरा देखा व थर्मल प्लांट में किस तरह कार्य होता है। वहां की कार्य प्रणाली को समझा।

## गवर्नमेंट कॉलेज में ऑरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**कोटा**| राजकीय कॉलेज में बुधवार को विविध विभागों तथा प्रकोष्ठों की गतिविधियों, योजनाओं, कार्य प्रणालियों तथा नई शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षण व्यवस्था तथा पाठ्यक्रमों में बदलाव का लेकर ओरियंटेशन कार्यक्रम हुआ । प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू हो ने से पाठ्यक्रमों, अंक प्रणाली तथा परीक्षा प्रणाली में कई परिवर्तन आ गए हैं। अब परीक्षा वार्षिक नहीं सेमेस्टर सिस्टम एवं क्रेडिट आधारित होगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन, स्किल आधारित कोर्स, मूल्य प्रवाह कोर्स, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता गुप्ता, डॉ. रमेशचन्द, डॉ . बीबी जैमीनी व डॉ. मोनिका दक्षिणी मौजूद थीं।

**करंट अफेयर्स**



आलोक आनंद

कॅरिअर व टेक ब्लॉगर

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए


राजकीय महाविद्यालय, कोटा
GPS Map Camera
Kota, Rajasthan, India
5VV5+W45, Nayapura, Kota, Rajasthan 324001, India
Lat 25.194341°
Long 75.857918°
20/09/23 01:12 PM GMT +05:30
Google


राजकीय महाविद्यालय, कोटा
(NAAC द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त संस्थान)
विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम
Student Orientation Programme
2023-2




प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय कोटा